भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3678

03 अप्रैल, 2023 को उत्तर के लिए

सेल, राउरकेला में स्थानीय लोगों को रोजगार

3678. डा. सस्मित पात्रा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल), राउरकेला द्वारा वर्ष 2017 से अब तक वर्ष-वार, पदनाम-वार और संविदात्मक/स्थायी स्वरूप की नौकरी-वार सेल, राउरकेला के आस-पास के क्षेत्र के कितने स्थानीय लोगों की नियुक्ति की गई है और/अथवा नियोजित किया गया है;

(ख) सेल, राउरकेला द्वारा नियोजित/नियुक्त ऐसे स्थानीय लोगों की संख्या कितनी है जो सेल, राउरकेला के लिए कार्यरत अपने माता-पिता अथवा परिवार के सदस्य के दुर्भाग्यपूर्ण निधन पर सेल में नियोजित/नियुक्त किए गए थे; और

(ग) सेल, राउरकेला की रोजगार नीति की कौन-सी धारा में स्थानीय लोगों को नियोजन में प्राथमिकता देने का प्रावधान किया गया है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): वर्ष 2017 से दिनांक 28.03.2023 तक सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र (ओडिशा ग्रुप ऑफ माइन्स सहित) द्वारा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), राउरकेला के आस-पास के क्षेत्र अर्थात् ओडिशा से 682 (छह सौ बयासी) स्थानीय लोगों को नियमित (स्थायी) पदों पर नियुक्त और/या नियोजित किया गया है। विवरण **अनुलग्नक 1** में दिया गया है। संविदा श्रमिकों के संबंध में, उन्हें उनके नियोक्ता अर्थात् ठेकेदार द्वारा नियुक्त/नियोजित किया जाता है और सेल, आरएसपी द्वारा विवरण नहीं रखे जाते हैं।

(ख): वर्ष 2017 से सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र (ओडिशा ग्रुप ऑफ माइन्स सहित) द्वारा 23 (तेईस) स्थानीय लोगों को सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र (ओजीओएम सहित) के लिए कार्यरत उनके माता-पिता अथवा परिवार के सदस्यों के दुर्भाग्यपूर्ण निधन पर नियोजित/नियुक्त किया गया है।

(ग): सेल की भर्ती नीति और भर्ती नियम में स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने के लिए कोई विशिष्ट प्रावधान/धारा नहीं है।

****

अनुलग्नक - 1

वर्ष 2017 से 28.03.2023 तक सेल, आरएसपी/ओजीओएम द्वारा नियुक्त और/या नियोजित सेल, आरएसपी के आस-पास के क्षेत्रों के स्थानीय लोगों का विवरण								
राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) में								
पद	**2017**	**2018**	**2019**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023**	**कुल**
सहायक स्टोर कीपर (प्रशिक्षु)						1		**1**
सहायक प्रबंधक - सुरक्षा				6			8	**14**
परिचारक-सह-तकनीशियन (प्रशिक्षु)			8	11		28		**47**
परामर्शदाता					9		1	**10**
डाटा प्रोसेसिंग ऑपरेटर (प्रशिक्षु)	1							**1**
कार्यकारी सहायक (प्रशिक्षु)					3			**3**
फायरमैन-सह-फायर इंजन चालक (प्रशिक्षु)				24			12	**36**
अस्पताल परिचारक (प्रशिक्षु)						4	1	**5**
कनिष्ठ प्रबंधक - सुरक्षा			7					**7**
प्रबंधक (बॉयलर और टर्बाइन ऑपरेशन)				2				**2**
चिकित्सा अधिकारी					2		1	**3**
प्रबंधन प्रशिक्षु (प्रशासन)			6	1				**7**
प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी)		3	3	1	12			**19**
नर्सिंग सिस्टर (प्रशिक्षु)			16	1				**17**
कार्यालय परिचारक (प्रशिक्षु)			3			20		**23**
ऑपरेटर-सह-तकनीशियन (प्रशिक्षु)	5	3	41	20	8	12	1	**90**
ऑपरेटर-सह-तकनीशियन (बॉयलर ऑपरेशन)			3	1				**4**
फार्मासिस्ट (प्रशिक्षु)	1				1			**2**
अर्ध कुशल श्रमिक (प्रशिक्षु)	23	16	108	9	21	67	2	**246**
सिस्टर ट्यूटर			4					**4**
वरिष्ठ ऑपरेटिव/वरिष्ठ तकनीशियन (प्रशिक्षु)	2	6	6	1	5	8	1	**29**
वरिष्ठ ऑपरेटिव / वरिष्ठ तकनीशियन		1						**1**
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी							2	**2**
परिचारक सह तकनीशियन प्रशिक्षु (भारी मोटर वाहन)							3	**3**
कुल योग	**32**	**29**	**205**	**77**	**61**	**140**	**32**	**576**
ओडिशा ग्रुप ऑफ माइन्स (ओजीओएम) में*								
पद	**2017**	**2018**	**2019**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023**	**कुल**
परिचारक सह तकनीशियन		1						**1**
सहायक प्रबंधक - ई1			1					**1**

परिचारक-सह-तकनीशियन (प्रशिक्षु)			76		2			**78**
परिचारक-सह-कनिष्ठ टेक्नीशियन				1				**1**
कनिष्ठ कार्यकारी सहायक	1							**1**
चिकित्सा अधिकारी						1		**1**
नर्सिंग ब्रदर			1					**1**
नर्सिंग सिस्टर (प्रशिक्षु)			1			2		**3**
ऑपरेटर-सह-तकनीशियन		2		1				**3**
ऑपरेटर-सह-तकनीशियन (प्रशिक्षु)						2		**2**
खनन फोरमैन (एस-3)		2				6		**8**
खनन मेट		2						**2**
परिचारक सह तकनीशियन प्रशिक्षु (भारी मोटर वाहन)						2	2	**4**
कुल योग	**1**	**7**	**79**	**2**	**2**	**13**	**2**	**106**

*** दिनांक 01.07.2021 को आरएमडी के पुनर्गठन के बाद, ओडिशा ग्रुप ऑफ माइन्स (ओजीओएम) आरएसपी का भाग बन गया।**

****